INDIAN SCHOOL MUSCAT
MIDDLE SECTION

Subject: Hindi (Second Language) **Worksheet No : 11**
Date of Issue: _________ **Signature of Teacher:**
Topic: विराम चिह्न

Name______________________ Roll No _______ Class 8 & Sec: ____

1 **पूर्ण विराम** (Full stop)- '।' हमें बड़ों का सम्मान करना चाहिए।

2 **अल्प विराम** (comma)- ',' ऊषा, अमर और सिमरन एक ही कक्षा में पढ़ते हैं।

जब वह आया, मैं जाग रहा था।

3 **प्रश्नवाचक चिह्न** (mark of interrogation)- '?' आप कहाँ जा रहे हैं?

4 **अवतरण या उद्धरण** (inverted comma) - मैंने उसे पुकारकर कहा " कल मत आना।"

छायावाद के चार प्रमुख कवि हैं- 'प्रसाद', 'निराला', 'पंत' तथा 'महादेवी वर्मा'।

5 **विस्मयवाचक चिह्न** (sign of exclamation)- '!' ओह! कितना सुंदर है हिम-मंडित हिमालय!

- <u>निम्नलिखित वाक्यों में उपयुक्त विराम-चिह्न लगाइए।</u>

1 हमारे देश में सभी लोग दीवाली होली ईद और क्रिसमस मिलकर मनाते हैं

2 शिक्षिका ने समझाया समय पर कार्य करने की आदत अच्छी होती है

3 अरे तुम क्या कर रहे हो

4 जिसके पास धैर्य नहीं सहनशक्ति नहीं बुद्धि नहीं वह व्यक्ति कभी सफल नहीं हो सकता

5 सुभाष चंद्र बोस ने कहा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा

6 उफ़ तुम कब जाओगे अतिथि

7 मेरा भाई जो दिल्ली में पढ़ता है आ गया

8 हाँ मैं चलफिर सकता हूँ

9 रामचरितमानस किसकी रचना है

10 झूठ बोलना पाप है इससे सदैव बचकर रहना चाहिए

11 क्या आप ही प्रकाश शर्मा है

12 गांधी जी ने कहा सत्य और अहिंसा से ही हम देश को आज़ाद करा सकते हैं

13 साकेत हिंदी का एक प्रसिद्ध महाकाव्य है

14 हाँ जब मेरा मित्र आया तब मैं खेल रहा था

15 अरे आतिफ़ इधर आओ

- **<u>सही विराम-चिह्न वाले वाक्य को छाँटकर लिखिए।</u>**

1 (क) धीरे चलो। गिर जाओगे। (ख) धीरे चलो, गिर जाओगे।
उत्तर- ____________________________________

2 (क) क्या ? आप ही प्रवेश शर्मा हैं।   (ख) क्या आप ही प्रवेश शर्मा हैं ?
उत्तर- ____________________________________

3 (क) निदा ने हँसते हुए कहा क्या पिता जी आए हैं? (ख) निदा ने हँसते हुए कहा, " क्या पिता जी आए हैं?"
उत्तर- ____________________________________

4 (क) माँ।मैं विद्यालय जा रहा हूँ। (ख) माँ !मैं विद्यालय जा रहा हूँ।
उत्तर- ____________________________________

5 (क) 'गोदान' श्री मुंशी प्रेमचंद की प्रसिद्ध रचना है। (ख) गोदान! श्री मुंशी प्रेमचंद की प्रसिद्ध रचना है।
उत्तर- ____________________________________

6 (क)जो व्यक्ति समझदार होता है, वह शांत रहता है। (ख) जो व्यक्ति समझदार होता है। वह शांत रहता है।
उत्तर- ____________________________________

- **<u>निम्नलिखित वाक्यों में विराम-चिह्न प्रयुक्त कीजिए।</u>**

किसी विद्वान ने ठीक ही कहा है बड़े-बड़े बुद्धिमान धनवान स्वस्थ और बलवान व्यक्ति भले ही असफल हो जाएँ किंतु निरंतर परिश्रम करने वाला व्यक्ति जीवन में कभी असफल नहीं होता राजा भगीरथ का उदाहरण सभी को स्मरण रखना चाहिए।अकबर बाबर शेरशाह सूरी आदि ने निरंतर प्रयास से विशाल राज्यों की स्थापना की थी अतएव जिसने भी परिश्रम के महामंत्र को जीवन में अपनाया उस पर सौभाग्य और लक्ष्मी की कृपा हुई